सार-समाचार

वाटर कूलर का उद्घाटन

गंगापुर सिटी, (निसं)। गुरूवार को कुशालगढ बाबा श्याम के मंदिर पर स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा वाटर कूलर लगाया गया। वॉटर कूलर का उदघाटन सभापति शिवरतन अग्रवाल एवं श्याम मंदिर कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र दुसाद के द्वारा फीता काट कर किया गया। उदघाटन से पूर्व गौरव तिवारी ने मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से वाटर कूलर का पूजन कराया। इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा कुशालगढ के बाबा श्याम के मंदिर पर लगाए गए वाटर कूलर से श्याम मंदिर पर आने वाले भक्तो को शीतल जल मिलेगा। उन्होने संस्था के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए सभी संस्थाओ से ऐसे सामाजिक हित मे कार्य करने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि वाटर कूलर से शुद्ध व ठंडा पानी हमेशा मिलेगा व दर्शनार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। वाटर कूलर स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक गंगापुर सिटी द्वारा लगाया गया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला प्रभारी राजेश शर्मा, श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र दुसाद, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, महेंद्र जैन, गोविंद पाराशर, सुरेंद्र सिंह राजपूत, धर्म प्रकाश आर्य, विष्णु शर्मा, शिव कुमार शर्मा, नीतू सिंह गुर्जर, घनश्याम गुप्ता, रामकेश सैनी, शैलेंद्र गुप्ता, श्याम शर्मा, महेंद्र नापित, विजेंद्र धाकड, गिर्राज गुप्ता आदि मौजूद है।

ब्लैकआउटःअंधेरे में डूबा शहर

गंगापुर सिटी, (निसं)। बुधवार रात गृह मंत्रालय के निर्देश पर 15 मिनट का ब्लैकआउट किया गया। रात 1०.45 बजे से शुरू हुए इस अभ्यास से पहले दो मिनट तक सायरन बजाया गया। लोगों ने अपने घरों, दुकानों और दफ्तरों की लाइट बंद कर दी। रोड लाइटें बंद रहीं और वाहन भी रुक गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने सुबह पंचायत समिति सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर ब्लैकआउट की रूपरेखा तय की। बिजली निगम को सप्लाई बंद करने के निर्देश नहीं दिए गए थे। कलेक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि लोगों ने स्वयं लाइट बंद रखी। हॉस्पिटल में केवल इमरजेंसी लाइट जली रही। खिडकियों पर पर्दे लगाए गए। फव्वारा चौक, अनाज मंडी और हाईवे पर अंधेरा छाया रहा। रेलवे स्टेशन पर भी सायरन बजाया गया और आसपास का क्षेत्र अंधेरे में रहा। वाहन चालकों ने लाइट बंद कर दी और इन्वर्टर का उपयोग नहीं किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दुश्मन को घनी आबादी और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की जानकारी से वंचित रखना था। पहले से गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया था। ब्लैकआउट के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा, पुलिस उपाधीक्षक संतराम और अन्य अधिकारी गश्त पर रहे।

बाबा श्याम के श्रृंगार ने मन मोहा

गंगापुर सिटी, (निसं)। नहर रोड स्थित कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी पर्व पर धार्मिक आयोजनों की रौनक रही। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। मंदिर में सबसे पहले साफ-सफाई और धुलाई की गई। बाबा श्याम का कलकत्ता से मंगवाए गए केवडा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूलों से श्रृंगार किया गया। बाबा को नई पोशाक पहनाई गई। विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। सुबह 4 बजे से ही श्याम प्रेमी मंदिर पहुंचने लगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की। श्रीकल्याणजी मंदिर में भी एकादशी पर विशेष आयोजन हुए। दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम और श्याम चालीसा का पाठ किया। भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। शाम को विशेष पूजा-अर्चना और आरती में हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए मनौतियां मांगी। दोनों मंदिरों में दिनभर भक्तों की भीड इतनी रही कि पैर रखने की जगह तक नहीं थी।

जाम में फंसे रहे वाहन चालक

गंगापुर सिटी, (निसं)। गुरुवार को उदेई मोड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड गई। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम का मुख्य कारण कृषि उपज मंडी में किसानों की भीड और मोहिनी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं की अधिक संख्या रही। मंडी में इन दिनों गेहूं, सरसों और चने की आवक अधिक है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप से पहुंच रहे हैं। साथ ही, मंडी से माल की निकासी के लिए ट्रकों की आवाजाही भी लगातार बनी हुई है। शहर की पुरानी बसावट के कारण मार्ग पहले से ही संकरे हैं। इन मार्गों पर सडक के दोनों ओर अतिक्रमण की समस्या भी है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए तैनात ट्रैफिक पुलिस की संख्या भी पर्याप्त नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौजूद पुलिसकर्मी भी अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। जाम के कारण वाहन चालकों, राहगीरों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। वाहनों की लंबी कतार लग गई और आम लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में देरी हुई।

आधुनिक पक्षी घर की रखी नींव

गंगापुर सिटी, (निसं)। जीव अनुकंपा संस्थान ने हायर सैकंडरी स्कूल के अमृत उद्यान में 7० फीट ऊंचे आधुनिक पक्षी घर की नींव रखी। कार्यऋम दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। पक्षियों के लिए एक नया ठिकाना बनने जा रहा है। नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकडों गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कई भामाशाहों ने पक्षी घर के निर्माण में सहयोग की घोषणा की। संस्थान ने दो माह में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निर्माण के बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। यह पक्षी घर पक्षियों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करेगा। यहां दाना-चुग्गा और पीने के पानी की व्यवस्था की जाएगी।शहर में पेडों की कमी को देखते हुए संस्थान ने यह पहल की है। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि यह पक्षी घर जैविक ताने-बाने को सहेजने का प्रयास है। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कार्यऋम में जीव अनुकंपा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, संयोजक विष्णु चंद्र गुप्ता और सहसंयोजक सुनील गर्ग, स्कूल शिक्षा परिवार के कई प्रमुख सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विश्व रेडक्रास दिवस मनाया

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि रेडक्रास एक अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन है, जो युद्ध, आपदा, महामारी और संकट की घडी में जरूरतमंदो को चिकित्सा सहायता, भोजन, पानी और अन्य जरूरी सेवाएं उपलब्ध करवाता है। यह संगठन न केवल सीमाओं से परे जाकर कार्य करता है, बल्कि यह धर्म, भाषा, जाति और राष्ट्र से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत की सेवा करता है। यह संस्था लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है ताकि युद्ध में घायल, बीमार, रक्त के शिकार लोगों को जरूरत के समय सहायता पहुँचाई जा सके।

कलक्टर ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कृत्रिम अंग प्रदान किए

भरतपुर, (निसं)। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला शाखा भरतपुर द्वारा भी भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति पर जिला रेडक्रॉस अध्यक्ष डा. अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास डॉ. अमित यादव ने रेडक्रास के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनाट के चित्र पर उनके जन्म दिवस पर पुष्पमाला अर्पित की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रैडक्रॉस सासाइटी के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनॉट ने 15 देशों के साथ मिलकर 1863 में जेनेवा कन्वेशन में रैडक्रॉस की स्थापना की। आज पूरे विश्व के 185 देशों में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियाँ संचालित हैं सोसायटी के संरक्षक सीताराम गुप्ता ने बताया कि रेडक्रास सोसायटी में से पिछले एक साल में 1500 प्राथमिक चिकित्सा का जिलेभर से युवक/युवतियां प्रशिक्षण ले गये हैं। अब वक्त आ गया है कि इस आपदा की घडी में वह आमजन को प्राथमिक चिकित्सा का लाभ प्रदान करें।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर 15 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल भेंट की और चार व्यक्तियों को कृत्रिम अंग प्रदान किए साथ ही 4 समाज सेवियों को प्रशास्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया दीपिका मेहता, आदित्या लवानियाँ, नीतू मौसी, जयप्रकाश गोयंका, आजीवन सदस्या सपना डीगिया, अंजना सोनी, लोकेश सिंघल को आजीवन सदस्यता प्रमाण.पत्र दिये गये कार्यक्रम में संरक्षक सीताराम गुप्ता, चेयरमैन, एस.एन. अग्रवाल, वाइस चेयर मैन कृष्णकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशन बंसल, सचिव पवन खंडेलवाल, संयुक्त सचिव कृष्णकांत गर्ग डॉ. धीरेन्द्र गोधारा, डॉ. यू.एस. जुरैल, सुरेशचंद गुप्ता, सुभाष जिंदल, सुधीर बंसल, रेणुदीप गौड अवधेश शर्मा, चंद्रशेखर लवानियाँ, तेजवीर सिंह नेमीचंद शर्मा, सतीश शर्मा, ईश्वरदास, सरदार जोगेन्द्रसिंह बिजेन्द्र चीमा, किशन गुप्ता, राकेश मित्तल, मित्तल, प्रभागुप्ता, रुचि खंडेलवाल, डॉ. रिया सोनी आदि ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की। अंत में सोसायटी के चेयरमैन एस.एन अग्रवाल एवं वाइस चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल ने आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया एवं अध्यक्ष जिला कलक्टर को स्मृति चिंह भेंट किया।

कलेक्टर ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर समाज सेवियों को प्रशास्ति पत्र वं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

निःशक्त व्यक्ति को उपलब्ध कराई सहायता राशि

भरतपुर, (निसं)। समृद्ध भारत अभियान संस्था ने सेवर पंचायत समिति क्षेत्र के ककलपुरा निवासी निःशक्त कुंवरपाल को अपनी आजीविका वृद्धि के लिए 11 हजार रूपये सहायता प्रदान की है। इस सहायता राशि से कुंवरपाल गांव में सब्जी विक्रय को विस्तारित करेगा। उसे आने जाने के लिए महावीर विकलांग सहायता समिति ने ट्राई द्व साइकिल उपलब्ध कराई है।

सहायता राशि उपलब्ध कराते समय समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि कुंवरपाल निशक्त होने के बावजूद भी उसमे अपने कार्य के प्रति पूर्ण लगन, विश्वास व ईमानदारी की भावना है। वह गांव में छोटी सी सब्जी की दुकान कर अपनी आजीविका तो चला रहा था किन्तु अपने कार्य को विस्तारित करने के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध नहीं थी। संस्था ने कुंवरपाल के दर्द को पहचान कर उसे आजीविका वृद्धि के लिए यह सहायता राशि प्रदान की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संस्था निःशक्तजन कुंवरपाल को और सहायता राशि व सहयोग देकर मदद करेगी। इस अवसर पर समाजसेवी दीपिका बापना ने कहा कि निःशक्त से किसी व्यक्ति की क्षमताओं एवं बुद्धिमता का आकलन नहीं किया जा सकता। यदि निःशक्त व्यक्ति आगे बढना चाहता है तो सरकार एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाऐं उनकी मदद के लिए सहयोग करती आई है। उन्होंने समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता द्वारा सामाजिक सशक्तिकरण आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं ठामीण विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सबको भी मिलकर सामाजिक सरोकारों के कार्य में किसी न किसी रूप में भागीदार बनना चाहिए। संस्था के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने कहा कि समृद्ध भारत अभियान गरीब, निःशक्त, प्राकृतिक आपदाओं से पीडित व्यक्तियों को सहायता प्रदान कर अपनी सामाजिक सरोकार की भूमिका निभा रहा है।

समृद्ध भारत अभियान ने निःशक्त व्यक्ति को सहायता राशि दी।

रुद्र महायज्ञ में उमड़ी भीड़

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। भुसावर उपखंड क्षेत्र के नेशनल हाईवे 21 पर स्थित उलूपुरा में 5121 कुंडी है विशाल रूद्र में महायज्ञ श्री श्री 108 श्री शोभानंद भारती महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है जिसमें राम कथा, संतो के प्रवचन सुनने के लिए राजस्थान सहित अन्य प्रांतों से भारी भीड़ उमड रही है जहां पर संतों के दर्शन में प्रवचन सुनने के लिए भक्तों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। भीषण गर्मी की परवाह किए बिना भक्त राम कथा सुनने आ रहे हैं जहां पर कमेटी के सदस्यों द्वारा किसी भी भक्त को परेशानी ना हो उसके लिए चिकित्सा पानी भोजन आदि व्यवस्था की जा रही है। परमहंस महंत राजा भारती ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि शोभानंद महाराज बचपन से ही विलक्षण विचार का बालक था उसके त्याग तपस्या करना ईश्वर की भक्ति में सारे गुण मौजूद थे उन्होंने सबसे पहले 21 कुंडीय यज्ञ करवाया था उसके बाद उन्होंने अनेक यज्ञ संपन्न करायें इससे पहले भी 2100 कुंडीय यज्ञ संपन्न कर चुके हैं।अब अब 5121 कुंडली है। रुद्र महायज्ञ का सफल आयोजन किया जा रहा है इसके बाद 11000 कुंडीय यज्ञ करवाने की योजना है स्वामी परमहंस उर्फ़ महंत राजा भारती ने कहा कि यज्ञ वह स्थल है जिसके दर्शन करने मात्र से ही पापों से मुक्ति मिल जाती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भरतपुर, (निसं)। डीग के आदर्श आंगनवाडी केन्द्र पर श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की ओर से फल-सब्जियों के मूल्य संवर्धन एवं परिरक्षण पर एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राजीविका स्वयं सहायता समूह की 45 महिलाओं एवं युवतियों ने प्रषिक्षण प्राप्त किया। वैज्ञानिक डॉ. प्रियंका जोषी ने महिलाओं को टमाटर सॉस बनाने का प्रशिक्षण दिया। टमाटर का सेवन कैंसर, हृदय रोगों एवं अन्य जीवनशैली से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को दूर रखने में लाभकारी है।

शिक्षक संघ सियाराम ने शिक्षकों की समस्याओं पर की चर्चा

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की उप शाखा वजीरपुर की बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उच्च माध्यमिक स्कूलों में क्रमोन्नत व्याख्याताओं को दो साल से वेतन नहीं मिल रहा है। पद स्वीकृत न होने के कारण कई शिक्षकों को पिछले 4-5 महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। कर्मोन्नत स्कूलों में व्याख्याता और वरिष्ठ शिक्षक के पद रिक्त हैं। संघ निदेशक से इन स्कूलों में गेस्ट फैकल्टी नियुक्ति की अनुमति की मांग करेगा। 2008 में नियुक्त प्रबोधकों और तृतीय श्रेणी शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग की गई है। स्थायीकरण की तिथि से मूल वेतन 11,170 से बढाकर 12,900 करने की मांग रखी गई। बैठक में जुलाई से पहले सभी संवर्गों की पदोन्नति, पीडी मद के कर्मचारियों के लिए वार्षिक बजट और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शीघ्र पदस्थापन की मांग की गई। स्कूल कंपोजिट ग्रांट, वार्षिक उत्सव और करियर मेले का बजट जुलाई में जारी करने की मांग भी रखी गई।

राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शेरपुर करौली ने डोलिका दौसा को हराया

सूरौठ, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर दूधिया रोशनी में आयोजित राज्य स्तरीय एस पी एल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन आयोजित मुकाबले हुए। आयोजन कमेटी के विश्राम मीणा व नरेंद्र बाबा, आशीष गोलू ने बताया पहला मुकाबला दानालपुर व होली का पुरा के मध्य आयोजित हुआ। दानालपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट खोकर कन्हैया के 6 छक्का व 7 चौको की की मदद से 122 रन प्रतियोगिता का सर्वाधिक स्कोर खडा किया। जवाब में उतरी होली का पूरा सूरोठ की टीम ने 8 ओवर में 6 विकेट होकर 63 बनाए। इस मैच मे दानालपुर ने होली का पूरा सूरोठ को 59 रनों विशाल अंतर से रौदा। मैन ऑफ द मैच का खिताब दानालपुर के कन्हैया को दिया गया। दूसरा मुकाबला खडीप व महसबा के मध्य आयोजित हुआ।

इस मैच में खंडीप ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 71 रन का स्कोर खडा किया। जवाब में उतरी महसवा की टीम ने 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 67 रन पर सिमट गई। इस मैच में खंडीप ने महसवा को 4 रन से हराया। मैन ऑफ द मैच का खिताब खंडीप के मदन को दिया गया। इसी तरह शेरपुर (करौली) व डोलिका (दौसा)के मध्य आयोजित हुआ। शेरपुर (करौली) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 107 रन का विशाल स्कोर खडा किया। जवाब में उतरी डोलिका (दौसा) की टीम 8 ओवर में 5 विकेट होकर 67 रन पर ढेर हो गई। इस मैच में शेरपुर (करौली) ने डोलिका (दौसा) को 40 रन से रौंदा। मैन ऑफ द मैच का खिताब शेरपुर (करौली) के लोकेश को मिला। अगला मैच हुकमी खेडा व रारा शाहपुर के मध्य आयोजित हुआ। इस मैच में हुक्मी खेडा ने रारा शाहपुर को हराया। मैन ऑफ द मैच का खिताब हुक्मी खेडा के दीपक शर्मा को दिया गया। खीरखीडा व एम सी सी सूरोठ के मध्य आयोजित हुआ। बालाजी क्रिकेट क्लब खीरखीडा ने एम सी सी सूरोठ को 14 रन से हराया। मैन ऑफ द मैच का खिताब खीरखीडा के लवकेश को दिया गया। सुपरस्टार क्रिकेट क्लब बामनवास (गंगापुर) ने ईचोली (भरतपुर) को हराया। मैन ऑफ द मैच का खिताब बामनवास के सुम्मी को मिला। आयोजन कमेटी के, शारीरिक शिक्षक लोकेश मीणा गोविंद मीणा, सत्येंद्र जाटव,राहुल मीणा, रिंकू मीणा, आशीष, सौरभ, खुशवंत पुरुषोत्तम बंशीबाल ,मगन मीना, सतीश मीणा, राजेश वकील, दिनेश ने अंपायर व स्कोरर,सह स्कोरर एवं गोलू ने थर्ड अंपायर की भूमिका अदा की। कंमेंट्री लव तिवारी नरेंद्र बाबा लोकेश मीणा नरेंद्र बाबा ने की। एस पी एल क्रिकेट प्रतियोगिता के रात्रि कालीन मैचों में प्रशासन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार ब्लैकआउट के समय स्टेडियम की संपूर्ण लाइट बंद कर दी गई कुछ समय के लिए मैच रोका गया। निर्धारित समय के बाद प्रतियोगिता पुन शुरू करवाई गई।

राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शेरपुर करौली ने डोलिका दौसा को हराया।

सार-समाचार

अटल जन सेवा शिविर सम्पन्न

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। करौली के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिष्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंषा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिष्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान कुल 24 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, विवाह पंजीयन, बिजली के ढीले तारों को दुरूस्त करवाने, बिजली के क्षितठास्त पोल बदलवाने, पंचायत को आवंटित बजट बढ़वाने, नामान्तरण खुलवाने, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य प्रकरण शामिल हैं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीणा, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर, विकास अधिकारी अजीत सिंह सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

प्री काउंसलिंग शिविर आयोजित

करौली, (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला मुख्यायलय व तालुका मुख्यालयों पर प्री-काउंसलिंग शिविरों का आयोजन किया गया। करौली न्यायक्षेत्र में विद्युत विवाद के प्रकरणों में कमी लाने हेतु विद्युत विभाग को 10 मार्च को पत्र जारी किया गया जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व प्रिलिटिगेशन प्रार्थना पत्र प्रि-काउंसलिंग हेतु संबंधित कार्यालय में समय पर प्रस्तुत किये जाने व सक्षम अधिकारी प्रकरण के सम्पूर्ण रिकॉर्ड के साथ लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु निर्देश जारी किये गये। जिसके क्रम में विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर जिला मुख्यालय करौली, तालुका विधिक सेवा समिति हिण्डौन, श्रीमहावीरजी, टोडाभीम और नादौती व सपोटरा पर विभिन्न दिनांकों को प्रिकाउंसलिंग कैम्प आयोजित किये गये गये। प्री काउंसलिंग के दौरान लगभग 579 प्रकरणों में पक्षकारान के उपस्थित आने पर समझाई'ा करवाई गई। जिनमें से 400 प्रकरणों के पक्षकारान द्वारा समझौता राशि जमा करवाकर अपने प्रकरणों का निस्तारण करवाया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया तथा लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में आमजन को समझाया गया।

डीजे को प्रतिबंधित करने की मांग

भरतपुर, (निसं)। विवाह हो या कुआ पूजन, जन्मदिन हो या फिर गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्यों में जो वर्षों पहले ढोलक की थाप सुनाई देती थी अब वह डीजे की धमक में खो गई है। ढोलक घरों के साथ ही मन्दिरों से भी गायब हो गई है और उसका स्थान डीजे ने ले लिया है। जो अनायास ही लोगों को बहरा बना रहा है। सरकार व प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रही है और लोग परेशान हो रहे है। लोहागढ़ उत्थान मोर्चा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव कुमार वशिष्ठ सहित सदस्य भूपेन्द्र शर्मा, ओमकार शर्मा, बृजमोहन अठावाल, मनीष अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कानफोडू डीजे को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की मांग की है। उन्होंने पत्र लिखकर बताया कि पहले किसी भी शुभ कार्यों में ढोलक बजती थी अथवा बैंडबाजों का उपयोग किया जाता था। घरों में तो इन्हें बजवाना शुभ माना जाता था तो वहीं शोभायात्राओं की शोभा भी बैंड बाजे बढ़ाते थे। बैंड बाजों और ढोलक की धुन कानों को सुकून देती थी। परंपरा के अनुसार लोग किसी भी मांगलिक कार्य में बैंड-बाजा अथवा ढोलक बजवाना नहीं भूलते थे लेकिन समय के बदलाव के साथ ही लोगों की सोच में भी परिवर्तन आ गया और बैंड बाजों व ढोलक के स्थान पर कानफाड़ू डीजे ने अपना स्थान ले लिया। तेज आवाज में बजने वाले डीजे से बच्चे ,बुजुर्ग , बीमार खासतौर से परेशान होते हैं तो वहीं विद्यार्थियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। डीजे की आवाज से उनकी पढ़ाई में व्यवधान आता है। इसके साथ ही लोग इन तेज आवाज में बजने वाले डीजे की वजह से बहरेपन का शिकार हो रहे हैं। हालांकि सरकार द्वारा डीजे अथवा अन्य धमाकेदार आवाज में बजने वाले स्टूमेंट्स के लिए नियम बना रखे हैं और क्षमता से अधिक तेज गति में शोरगुल करने पर कार्रवाई के लिए भी कानून बनाया हुआ है। लेकिन इन पर किसी का ध्यान नहीं होता है। अगर तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ कोई शिकायत भी करता है तो आपस मे झगड़ों के साथ ही दुश्मनी बंध जाती है जो कई बार बडा रूप ले लेती है। वशिष्ठ ने मुख्यमंत्री से आमजन की सहूलियत और बुजुर्गों, बीमार लोगों के साथ ही आमजन के लिये सिरदर्द बन रहे डीजे के बजाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए आठाह किया है कि तेज आवाज में डीजे अथवा माइक या फिर अन्य किसी साधन से शोरगुल कर लोगों को परेशान करते है तो उनके खिलाफ कार्यवाई अमल में लाएं।

मंत्री बेढम आज रहेंगे नादौती दौरे पर

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्सय विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम आज 9 मई शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे बडगाव, नादौती जिला करौली में सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे व सायं 4:30 बजे चाकसू को प्रस्थान करेंगे।

तीन रेसको गार्ड गिरफ्तार

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर बाल संप्रेषण गृह से 3 अप्रैल की शाम फरार हुए दो बाल अपचारियों का 33 दिन बाद भी कुछ पता नहीं लग पाया है लेकिन, पुलिस ने बाल संप्रेषण गृह में लगे 3 रेसको गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है तीनों रेसको गार्ड की लापरवाही और बाल अपचारियों के साथ मिलीभगत की बात सामने आई है। फिलहाल तीनों रेसको गार्ड को कोर्ट में हाजिर करने के बाद जेल भेज दिया गया है।इस मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर करतार सिंह ने बताया कि 3 अप्रैल की शाम दो नाबालिग बाल संप्रेषण गृह से भागे थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मालौनीपंवार, पंचायत समिति सैपऊ(धौलपुर)

क्रमांकः-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/Spl01-08 दिनांकः01.05.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में समस्त योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 17.05.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00120 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच — ग्राम पंचायत मालौनीपंवार
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत मालौनीपंवार

कार्यालय ग्राम पंचायत दौनारी, पंचायत समिति सैपऊ(धौलपुर)

क्रमांकः-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/-07 दिनांकः 07.05.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में समस्त योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 17.05.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00019 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक — ग्राम पंचायत मालौनीपंवार
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत मालौनीपंवार